तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



16 'जी राम जी अभियान' का शुभारंभ, विकसित ...





16 आधुनिक खेती से बढ़ेगी किसानों की आय ...




# भोपालपटनम में रिमझिम बारिश से किसानों के चेहरों पर आई मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपालपटनम

पिछले तीन दिनों से बीजापुर जिले के विकासखंड में रुक-रुक कर हो रही हल्की से मध्यम बारिश ने क्षेत्र के किसानों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। मानसून की इस संतुलित शुरूआत से खेती-किसानी के कार्यों ने गति पकड़ ली है। किसान अब अपने खेतों की जुताई और खरीफ फसलों की बुवाई की तैयारियों में जुट गए हैं।

लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से भी लोगों को बड़ी राहत मिली है। क्षेत्र में दिन के समय हल्की बारिश और रात में अपेक्षाकृत अधिक वर्षा होने का क्रम बना हुआ है। मौसम के इस संतुलन का लाभ केवल किसानों को ही नहीं, बल्कि मजदूरों, व्यापारियों और आम नागरिकों को भी मिल रहा है। दिन में कम बारिश होने से खेतों में जुताई, मजदूरी और अन्य कार्य निर्बाध रूप से चल रहे हैं। मजदूरों को नियमित रोजगार मिल रहा है, वहीं लोगों का आवागमन भी सामान्य बना हुआ है। बाजारों में भी चहल-पहल बनी हुई है और व्यापारियों का कहना है कि इस तरह की बारिश से कारोबार पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि आने वाले दिनों में भी इसी प्रकार आवश्यकता के अनुसार वर्षा होती रही तो यह खेती और जनजीवन दोनों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगी। उनका कहना है कि अत्यधिक बारिश होने पर सड़कों पर जलभराव, आवागमन में बाधा और दैनिक मजदूरी ▸▸| शेष पेज 16 पर

### खेतों की जुताई व बुवाई में जुटे किसान





### संतुलित बारिश से किसानों को राहत

क्षेत्र में मानसून की इस संतुलित बारिश ने प्रकृति और जनजीवन के बीच बेहतर तालमेल का एहसास कराया है। लोगों को उम्मीद है कि इस वर्ष भी इंद्रदेव आवश्यकता के अनुरूप ही वर्षा करेंगे, जिससे खेती-किसानी, व्यापार, रोजगार और आम जनजीवन सभी को लाभ मिलेगा।


2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरुपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


## खबर संक्षेप

### जार्डन के फीफा अनुदेशक ने दी नए नियमों की जानकारी



**जगदलपुर।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के आयोजित रेफरी अनुदेशक सेमिनार में जार्डन से आए फीफा अनुदेशक इस्माईल ने नए नियमों की जानकारी दी। बस्तर से गए रैफरी रूपक मुखर्जी ने बताया कि छत्तीसगढ़ एवं बस्तर संभाग के रैफरी और खिलाड़ियों को नए नियमों में परिवर्तन की जानकारी दी जाएगी।

### सरपंच ने बच्चों को दी पुस्तकें



**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत गढ़िया के परियागुड़ा के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में पालक बालक बैठक हुई। सरपंच भरत कश्यप ने पालकों की उपस्थिति में छात्रों से उनके पढ़ाई का हाल जाना। उन्होंने बेहतर पढ़ाई के लिए बच्चों को प्रेरित करते कहा कि बच्चे देश का भविष्य है सरकार शिक्षा को लेकर संवेदनशील और गंभीर है। बच्चों के अध्ययन अध्यापन को लेकर किसी तरह की समस्याएं नहीं आनी चाहिए। इसके लिए हम सबको जागरूक रहना है और साथ में काम करना है।

### महा-रोजगार मेला में 1595 पदों पर होगी सीधी भर्ती

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के शिक्षित और हुनरमंद बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार पाकर अपने सपनों को साकार करने का एक शानदार और बड़ा अवसर सामने आया है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जगदलपुर के तत्वावधान में एक विशाल एक दिवसीय संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन होने जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी जय प्रकाश कौशिक से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवाओं का करियर संवारने के लिए इस मेले में निजी क्षेत्र की कई बड़ी और प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा लेने पहुंच रही हैं। इस महा-रोजगार मेले का आयोजन 7 जुलाई को सुबह 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक लाईवलीहुड कॉलेज, आड़ावाल परिसर में किया जाएगा।

## कलेक्टर ने कहा- अब नहीं चलेगी बहानेबाजी

# ढाई सौ से ज्यादा अनुदेशक, काम क्या लेना पता नहीं, दे रहे पांच करोड़ सालाना वेतन ?

लीलाधर राठी ▸▸| सुकमा

अलग खबर

सुकमा जिले में 2012 में प्रांरभ हुए पोटाकेबिनों में कार्यरत अनुदेशकों को लेकर तरह तरह की चर्चाएं हैं। 269 अनुदेश को वर्ष भर में 5 करोड़ मानदेय के रूप में दिया जाता है लेकिन उन अनुदेशकों से काम क्या लेना है वो अभी तक स्पष्ट नही है। इस बार व्यवस्था को सुधारने और तीन सौ के लगभग अनुदेशकों को उनके कर्तव्यों की याद दिलाने प्रारंभ हुई प्रशिक्षण शिविर की चर्चा हो रही है। प्रत्येक अनुदेशक को करीब 16 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है, जिसका भुगतान छात्रावास अधीक्षकों के माध्यम से किया जाता है।

- व्यवस्था सुधारने प्रारंभ हुआ प्रशिक्षण शिविर

जानकारी के अनुसार इन अनुदेशकों की नियुक्ति सलवा जुडूम के दौर में पोटाकेबिनों के संचालन के लिए अस्थायी व्यवस्था के रूप में की गई थी। समय के साथ व्यवस्था जारी रही, लेकिन अब तक इनके कार्य, दायित्व और जवाबदेही को लेकर स्पष्ट व्यवस्था नहीं बन सकी है। सूत्रों के अनुसार कई स्थानों पर अनुदेशकों के कार्यों की नियमित निगरानी नहीं हो रही थी, जिससे उनकी उपयोगिता पर भी सवाल उठते रहे हैं।



### व्यवस्था सुधारने कलेक्टर ने दिए निर्देश

कलेक्टर अमित कुमार ने पोटाकेबिनों की व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए कमर कस ली है। अब सभी अनुदेशकों की नियमित उपस्थिति, कार्य निष्पादन और जिम्मेदारियों की मॉनिटरिंग की जाएगी। स्पष्ट संकेत दिए गए हैं कि केवल वेतन लेने की व्यवस्था अब नहीं चलेगी और प्रत्येक अनुदेशक को निर्धारित दायित्वों का निर्वहन करना होगा। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि यदि कोई अनुदेशक अपने कार्य में लापरवाही करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जा सकती है। कलेक्टर के इस कदम को शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही बढ़ाने और सरकारी संसाधनों के बेहतर उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### संस्था में नहीं रहते कई अनुदेशक

बताया गया है कि कई अनुदेशक केवल कुछ घंटों की उपस्थिति दर्ज कर वापस लौट जाते हैं, जबकि उन्हें पूर्णकालिक दायित्व निभाना चाहिए। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि होना शेष है। सूत्रों की माने तो कहने को प्रत्येक पोटाकेबिनों में 16 अनुदेशक कार्यरत है लेकिन कई दफे संस्था से सारे के सारे अनुपस्थित हो जाते हैं। अपने दूर निवास से आना जाना करते है जबकि सभी को उसी संस्था में रह कर कार्य करना है।

### अब करना होगा यह कार्य

बच्चों में छुपी खेल प्रतिभा को पहचानना एवं उसे आगे बढ़ने हेतु अवसर प्रदान करते हुए अनुदेशक द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएं कि सभी बच्चे खेल में अपनी सहभागिता दें। सभी बच्चों में खेल भावना विकसित करते हुए अनुदेशक द्वारा बच्चों को मंच प्रदान करना कि वह अपनी प्रतिभा को निखार सके। स्वप्रेरित बच्चों की भावनाओं का सम्मान करना होगा। आवश्यक खेलकूद सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो व इसका उपयोग अनुदेशक द्वारा सुनिश्चित कर बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने प्रेरित करना होगा। स्थानीय संस्कृति एवं परंपराओं को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल करना ताकि बच्चे सकारात्मक होकर रुचि पूर्वक भाग ले सकें। प्रत्येक शनिवार सभी कक्षा के अनुदेशक मिलकर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करना तथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले बच्चों को प्रोत्साहन प्रदान करना।

### बच्चों व पालको को करेंगे प्रेरितः डीईओ

जिला शिक्षाधिकारी जी. आर. मंडावी ने कहा कि हाल ही में प्रशिक्षण शिविर में सभी अनुदेशकों को कलेक्टर का मार्गदर्शन मिला है। उनके द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसका पालन करने के साथ साथ बच्चों व पालकों को प्ररित करने का भी कार्य करना है।

## माइक्रो एटीएम और केसीसी से किसानों को मिल रही वित्तीय सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

सहकारी सप्ताह के चौथे दिन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की मुख्य शाखा के अधीनस्थ समितियों में किसानों एवं ग्रामीण हितग्राहियों को माइक्रो एटीएम के माध्यम से नगद राशि वितरण, नवीन स्वीकृत किसान क्रेडिट कार्ड तथा रुपे केसीसी कार्ड का वितरण किया गया। इस अवसर पर बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा एवं संबंधित समितियों के प्राधिकृत अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को कार्ड एवं वित्तीय सुविधाएं प्रदान करते हुए सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक व्यवस्था नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास का मजबूत आधार है। किसानों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। माइक्रो एटीएम, केसीसी एवं रुपे कार्ड के माध्यम से ग्रामीणों को त्वरित और सरल वित्तीय सेवाएं उपलब्ध हो ▸▸| शेष पेज 16 पर

- ग्रामीणों को मिला माइक्रो एटीएम से नकद, केसीसी और रुपे कार्ड का लाभ : : मिश्रा
- जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की पहल से समितियों में वित्तीय सेवाओं की पहुंच हुई आसान

## नगर निगम ने खरीदे दो टिप्पर और एक 407

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



महापौर संजय पांडे के प्रयास से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगर निगम ने दो नए टिप्पर एवं एक 407 कचरा परिवहन वाहन का क्रय किया है। नए खरीदे वाहनों का पूजन दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में किया गया। लंबे समय से कचरा संग्रहण गाड़ियों की कमी के कारण शहर के वार्डों से समय पर कचरा एकत्रित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। नए वाहनों के शामिल होने से इस समस्या का काफी हद तक समाधान होगा और स्वच्छता व्यवस्था को नई गति मिलेगी।

नगर निगम द्वारा खरीदे गए इन नए वाहनों के माध्यम से शहर के विभिन्न वार्डों से कचरे का परिवहन पहले की अपेक्षा अधिक तेज और व्यवस्थित ढंग से किया जाएगा। इससे कचरा संग्रहण की प्रक्रिया में तेजी आएगी, समय की बचत होगी तथा शहर को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा बनाए रखने में सहायता मिलेगी। नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन ने कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। नए वाहनों के संचालन से ▸▸| शेष पेज 16 पर

## अधेड़ सुरक्षा गार्ड की दबंगों ने की जमकर पिटाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

धरमपुरा मार्ग स्थित विशाल मेगा मार्ट में कार पार्किंग को लेकर दबगों ने अधेड़ सुरक्षा गार्ड की बेरहमी से पिटाई कर दी। पूरा वाक्या सीसीटीवी में कैद हो गया जिसके बाद गार्ड को जान से मारने की धमकी देकर समझौता करने दबाव बनाया गया। बावजूद परिजनों के साथ बोधघाट थाना पहुंचकर गार्ड ने नामजद दो भाइयों व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

घटना की जानकारी देते हुए गुरू गोविंद सिहं वार्ड निवासी सुरक्षा गार्ड नन्द दुलाल डे ने बताया कि जनवरी 2026 से वर्गीस बिल्डर आफिस में सिक्युरिटी गार्ड के पद पर कार्य कर रहा हूं। एक जुलाई की रात लगभग 8:20 बजे ड्यूटी के दौरान शुभम मोदी परिवार के साथ कार से विशाल मेगा मार्ट में आया जो अपनी कार को पार्किंग करने के दौरान मेरे ▸▸| शेष पेज 16 पर

### गार्ड के समर्थन में बंगाली समाज आया सामने

बोधघाट थाना में मौजूद बंगाली समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश चौधरी व सभांगीय अध्यक्ष जीवानंद हालदार ने कहा कि एक गरीब बुजुर्ग, जो सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं उनके साथ वाहन पार्किंग को लेकर कथित रूप से सार्वजनिक स्थान पर मारपीट की गई। बुजुर्ग को घसीटते हुए पीटा गया जिससे समाज में भय और आक्रोश है। इस घटना के बाद समाज की बैठक कर सर्वसम्मति से इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। समाज प्रमुखों ने कहा कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की जाती है तो समाज लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

## सवा दो लाख का गांजा बरामद उत्तरप्रदेश का तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए नगरनार पुलिस ने अंतर्राज्यीय तस्कर को ला खों रूपए के मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ अभियान चलाकर नशे के सौदागरों तथा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

- एनएच 63 स्थित ओडिशा बार्डर में नगरनार पुलिस ने की कार्रवाई

गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण



व नगरनार टीआई संतोष सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के लिए धनपुंजी फारेस्ट नाका एनएच 63 की ओर रवाना किया गया था। मौके पर पहुंचकर टीम ने पिट्ठू बैग लेकर खड़े एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम शाकिब पिता शकील अहमद निवासी ग्राम खुरजा, सराय मुर्तजा खां थाना खुरजा जिला बुलंदशहर उत्तरप्रदेश का रहने ▸▸| शेष पेज 16 पर

## पूरे विभाग या जिले के कनेक्शनों को एक समूह के रूप में करेंगे ट्रीट

# शासकीय कार्यालयों में अब 'रीचार्ज' से चलेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

प्रदेश के शासकीय विभागों और कार्यालयों में विद्युत खपत और बिलों के भुगतान को लेकर राज्य शासन ने एक बड़ा और युगांतरकारी निर्णय लिया है। केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के दिशा-निर्देशों के तहत अब छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर के माध्यम से प्री-पेड बिलिंग अनिवार्य रूप से लागू की जा रही है।

- 1 अगस्त से शुरू होगी प्री-पेड बिलिंग व्यवस्था

ऊर्जा विभाग द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार आगामी 1 अगस्त से प्रथम चरण के तहत विकासखण्ड (ब्लॉक) एवं उच्च स्तर तक के सभी शासकीय कार्यालयों में बिजली की प्री-पेड व्यवस्था शुरू हो जाएगी। इसके बाद द्वितीय चरण में इससे निचले स्तर के कार्यालयों को जोड़ा जाएगा। महानदी भवन (मंत्रालय) से जारी मार्गदर्शिका के अनुसार इस पूरी व्यवस्था को बेहद आधुनिक, पारदर्शी और व्यावहारिक बनाया गया है, जिसके तहत 30 जून की स्थिति में विभागों के कुल लंबित बकाये को फ्रीज कर दिया जाएगा और इस राशि को आगामी 4 तिमाहियों में समान किश्तों में जमा करने की छूट दी जाएगी।

इस नई रीचार्ज प्रणाली को सुचारू रखने के लिए बिजली विभाग रीचार्ज खत्म होने के 7 दिन पहले से ही संबंधित विभाग के पंजीकृत नोडल अधिकारी के मोबाइल पर एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से अलर्ट भेजना शुरू कर देगा। इसके साथ ही विभाग अपनी दैनिक खपत, बची हुई शेष राशि बैलेंस और रीचार्ज खत्म होने की संभावित अवधि की जानकारी मोर बिजली ऐप और विभागीय वेबसाइट पर लाइव देख सकेंगे। व्यवस्था की एक बड़ी खूबी यह है कि पूरे विभाग या जिले के कनेक्शनों को एक समूह के रूप में ट्रीट किया जाएगा, जिससे जब तक ग्रुप का ओवरऑल बैलेंस रहेगा, किसी भी व्यक्तिगत कार्यालय की बिजली नहीं कटेगी। बैलेंस शून्य होने की स्थिति में भी तुरंत बिजली नहीं काटी जाएगी, बल्कि तिमाही समाप्त होने के 15 दिनों बाद तक रिचार्ज न होने पर ही मीटर से स्वतः कनेक्शन विच्छेदित होगा। यदि किसी अनिवार्य कारण से लाइन कट भी जाती है, तो मोर बिजली एप चैटबॉट पर केवल एक रिक्वेस्ट भेजकर आपातकालीन स्थिति में कनेक्शन को 7 दिनों के लिए दोबारा चालू कराया जा सकेगा। रिचार्ज सफल होने के अधिकतम 60 मिनट के भीतर बिजली स्वतः चालू हो जाएगी और तकनीकी समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर 1912 पर शिकायत के 6 घंटे के भीतर इसे चालू करने का प्रावधान है।

### राज्य स्तर पर प्रीपेड मॉनिटरिंग सेल को सिंगल टच पॉइंट

इस पूरी व्यवस्था को जिला स्तर पर सुगम बनाने के लिए इसके अतिरिक्त राज्य स्तर पर प्रीपेड मॉनिटरिंग सेल को सिंगल टच पॉइंट बनाया गया है, जहां वरिष्ठ अधिकारी मॉनिटरिंग और सहायता के लिए तैनात रहेंगे। किसी भी प्रकार की शंका के निवारण हेतु प्रतिदिन दोपहर 12 से 1 बजे के बीच गूगल-वीडियो मीट के माध्यम से विशेष सहायता सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं ताकि इस बदलाव को आपसी समन्वय से सफल बनाया जा सके।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

# 'जी राम जी अभियान' का शुभारंभ, विकसित ग्राम पंचायतों के निर्माण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल 'जी राम जी अभियान' का शुभारंभ गुरुवार को आंध्रप्रदेश से किया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों–कर्मचारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में ग्रामीण अधोसंरचना, जल संरक्षण, आजीविका संवर्धन, डिजिटल सुशासन और जनभागीदारी के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं विकसित ग्राम पंचायतों के निर्माण का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में ग्रामीण क्षेत्रों की भूमिका पर बल दिया। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने सरपंचों से आगामी एक वर्ष का ग्राम विकास रोडमैप तैयार करने तथा अधिक से अधिक जल संरक्षण कार्यों के प्रस्ताव भेजने का आग्रह किया। उन्होंने भविष्य की जल आवश्यकताओं को देखते हुए संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान जिले के पांचों विकासखंडों के 26 हितग्राहियों को व्यक्तिगत तालाब निर्माण के लिए लगभग दो लाख रुपये के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस पहल को जल संरक्षण और किसानों की आजीविका सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

### जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की रही सहभागिता



### जनप्रतिनिधियों ने कहा- ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह अभियान रोजगार, पारदर्शिता और ग्रामीण विकास को नई गति देगा। साथ ही ग्राम पंचायतों से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं तैयार कर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

## खबर संक्षेप



### उमड़ते बादलो ने किसानों के चेहरे मे लाई खुशी

**केशकाल।** जुलाई का महीना आ चुका है और मानसून आने के बावजूद भी बरसात नहीं हो रही थी। गुरुवार को नगर में बादल उमड़ते नजर आए जिससे किसानों में खुशी दिखी और चेहरों में मुस्कान नजर आई।

### कोंडागांव नगर पालिका में पांच एल्डरमेन नियुक्त




**कोण्डागांव।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगर पालिका परिषद के लिए पांच एल्डरमैन नियुक्त किए हैं। इस संबंध में मंत्रलय महानदी भवन, नया रायपुर अटल नगर से आदेश जारी कर दिया गया है। नगर पालिका परिषद में अभिनाश सोरी, अशोक कुमार ब्रह्म, ललित लुकुंड, श्रीमती होलिका नेताम, श्रीमती रेखा साहू को नगरीय प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 एवं छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के तहत यह नियुक्ति की गई है। आदेश के अनुसार मनोनीत एल्डरमैन आगामी आदेश तक अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। एल्डरमैन नगर पालिका परिषद की बैठकों में भाग लेकर जनहित और विकास से जुड़े विषयों पर अपने सुझाव देंगे। इनके अनुभव का लाभ नगर के विकास, जनसुविधाओं के विस्तार तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में मिलेगा।

### पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव



**धनोरा।** पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा पहली, कक्षा नवमी एवं नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराया गया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती नंदिनी पोटाई एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य कपिलकांत नाग, नोहरू राम मंडावी सरपंच, धनोरा, सवाला के सरपंच, पूर्व सरपंच संतोष उइके, तथा प्रवीण अग्निहोत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श रमेश्वर उसेंडी ने की। विद्यालय के प्राचार्य श्री के. आर. प्रधान के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### विधायक ने 50 लाख के विकास कार्यों की दी सौगात



**धनोरा।** केशकाल विधानसभा विधायक नीलकंठ टेकाम ने ग्राम में 50 लाख रुपये के विकास की सौगात देते हुए महतारी सदन निर्माण 30 लाख, लैंप्स गोदाम 10 लाख, शिव मंदिर जीर्णोद्धार एवं राम मंदिर जीर्णोद्धार 5-5 लाख के कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, धार्मिक स्थलों के संरक्षण तथा ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर जनहितकारी कार्य कराए जा रहे हैं। क्षेत्र के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

## प्रगतिशील किसान की बहुआयामी खेती का किया अवलोकन

# आधुनिक खेती से बढ़ेगी किसानों की आय : कृषि मंत्री रामविचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/ केशकाल

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने केशकाल विकासखंड के ग्राम ओरकीवाही पहुंचकर प्रगतिशील किसान बोधन नेताम की आधुनिक एवं बहुआयामी कृषि प्रणाली का अवलोकन किया। उन्होंने सूकर पालन, मत्स्य पालन, जैविक खाद निर्माण तथा वैज्ञानिक पद्धति से की जा रही करेले की खेती का निरीक्षण कर किसान के प्रयासों की सराहना की।

कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि के साथ पशुपालन, मत्स्य पालन और अन्य आजीविका गतिविधियों को जोड़कर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने अन्य किसानों से भी आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक खेती अपनाने का आह्वान किया। कृषि मंत्री ने घोषणा की कि कोण्डागांव कृषि विज्ञान केन्द्र में कृषि ड्रोन उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे किसान कम लागत और कम समय में उर्वरक एवं कीटनाशकों का छिड़काव कर सकेंगे तथा आधुनिक तकनीक का लाभ मिलेगा। मंत्री श्री नेताम ने नारियल विकास बोर्ड परिसर का निरीक्षण कर नारियल एवं कोको की उन्नत किस्मों तथा मूल्य संवर्धित उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन गतिविधियों की समीक्षा करते हुए बागवानी फसलों के विस्तार पर जोर दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, पूर्व विधायक सेवकराम नेताम, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, जिला पंचायत सदस्य भगवती नेताम, कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारी, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में किसान एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### कृषि के साथ अन्य कार्य करके कमाए लाखों

प्रगतिशील किसान बोधन नेताम ने बताया कि उन्होंने कृषि के साथ पशुपालन एवं मत्स्य पालन को जोड़कर खेती को लाभकारी बनाया है। वर्ष 2024-25 में उन्होंने विभिन्न कृषि गतिविधियों से 6 लाख 18 हजार 800 रुपये की आय अर्जित की, जिसमें सूकर पालन से 4 लाख 68 हजार 800 रुपये, मत्स्य पालन से 40 हजार रुपये तथा सब्जी उत्पादन से 1 लाख 10 हजार रुपये की आय हुई।

### कृषि विज्ञान केन्द्र में किसानों को मिले आधुनिक कृषि यंत्र

**फरसगांव।** कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने बस्तर प्रवास के दौरान बुधवार शाम फरसगांव विकासखंड के ग्राम बोरगांव स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को दिए जा रहे प्रशिक्षण, अनुसंधान गतिविधियों एवं प्रदर्शन इकाइयों का अवलोकन किया तथा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर चार किसानों को ट्रैक्टर, पावर वीडर, कल्टीवेटर, रोटावेटर, सीड ड्रिल, लेजर लैंड लेवलर और स्प्रेयर सहित आधुनिक कृषि यंत्र वितरित किए गए। वहीं, फार्म मशीनरी बैंक योजना के अंतर्गत प्रत्येक हितग्राही को 15 लाख रुपये की परियोजना पर 6 लाख रुपये की प्रथम अनुदान राशि भी प्रदान की गई।

# थाने में नवीन न्याय संहिता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

थाना पुलिस द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर नवीन न्याय संहिता (भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीन नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023) के प्रचार-प्रसार एवं जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्र के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरूण नेताम के अध्यक्षता एवं संजोली जैन अधिवक्ता के उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनुविभाग स्तर पर माह जून 2026 के चतुर्थ सप्ताह में स्व. महेश बघेल दण्डकारण्य शासकीय महाविद्यालय केशकाल सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस न्याय संहित का कैपेन का आयोजित किया गया। इसमें थाना प्रभारी केशकाल निरीक्षक विकास बघेल केशकाल अनुभाग क्षेत्र के धनोरा, विश्रामपुरी, ईरागांव, बांसकोट के अधिकारी कर्मचारीगण अधिवक्तागण व संस्था के संस्था प्रमुख डां. सामंत देव सोनवानी प्रोफेसर भागवत प्रसाद साहू, जयश्री साहू एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शून्य पर एफआईआर, ई-एफआईआर, अनिवार्य फॉरेंसिक जांच, समयबद्ध ट्रायल कम्युनिटी सर्विस एवं संगठित अपराध, मॉब लिंचिंग जैसी नई धाराओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर सरदार पटेल के राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदेश को भी याव किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को नए कानूनों के बारे में जागरूक करना और उनके अधिकारों व कर्तव्यों से अवगत कराया गया।

■ सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजन

# एसडीएम ने बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

**फरसगांव।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बाजारपारा में गुरुवार को एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम ने अपना जन्मदिन सादगी, सेवा और सामाजिक सरोकार के साथ मनाया। विद्यालय परिसर में विशेष नेवता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें दोनों स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एसडीएम ने बच्चों के साथ केक काटकर खुशियां साझा कीं। उनके बीच बैठकर आत्मीय माहौल में जन्मदिन मनाया। बच्चों ने तालियों और शुभकामनाओं के साथ उनका स्वागत किया, जिससे विद्यालय परिसर उत्सवमय हो उठा।



इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन, स्वच्छता और निरंतर परिश्रम का महत्व बताते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें बेहतर शिक्षा व संस्कार देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। एसडीएम ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेड़ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करते हैं। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने एसडीएम को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय और सफल जीवन की कामना की।

**बच्चों को खाना परोसा:** नेवता भोज के दौरान एसडीएम ने स्वयं बच्चों को भोजन परोसा और उनके साथ जमीन पर बैठकर भोजन ग्रहण किया। स्वादिष्ट भोजन तैयार करने वाली रसोइया दीदियों को उन्होंने प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया। बच्चों ने बड़े उत्साह और आनंद के साथ भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर तहसीलदार जयकुमार नाग, नायब तहसीलदार निधि नेताम, बीईओ श्रीराम तारम, संकुल प्रभारी महावीर जायसवाल, उम्मीद सामाजिक संस्था से मोहम्मद फिरोज मेमन, रामकुमार भारद्वाज, भरत भारद्वाज, हरीश साहू सहित विद्यालय के शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# तालुका विधिक सेवा समिति ने किया पौधारोपण

**केशकाल।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोंडागांव खिलावन राम रीगरी के निर्देशानुसार तथा सचिव गायत्री साय एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, केशकाल सौम्या राय के मार्गदर्शन में 1 जुलाई से 10 जुलाई तक आयोजित वन महोत्सव के अवसर पर पंचवटी, केशकाल में तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण को बढ़ावा देना तथा आमजन को पौधारोपण के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनका संरक्षण करने और वन महोत्सव के दौरान पर्यावरण संवर्धन में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में पंचवटी के संचालक धनीराम सलाम, अधिवक्ता संजोली जैन, कुमारी अमृता कुंजाम, कुमारी त्रिवेणी नेताम, इनूत एक्का, अधिकार मित्र अनिल कुमार मण्डावी, वर्षा केमरो सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य उपस्थित जनों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।



# कर्तव्यनिष्ठ सेवा का सम्मान, एसडीओ सिन्हा और रेंजर यादव को विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

केशकाल वन मंडल अंतर्गत फरसगांव वन परिक्षेत्र के एसडीओ नंदकुमार सिन्हा एवं रेंजर रामेश्वर सिंह यादव के सेवानिवृत्त होने पर वन विभाग परिवार ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। फरसगांव एवं बड़ेडोंगर रेंज के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके दीर्घकालीन सेवाकाल, कर्तव्यनिष्ठा और विभाग के प्रति समर्पण की सराहना की।

विदाई समारोह के दौरान दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों को पुष्पगुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उनके अनुभव, अनुशासन और मार्गदर्शन से विभाग को सदैव लाभ मिला है। उनकी सेवाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगी। इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान वन विभाग के डिप्टी रेंजर शिवनाथ सेठिया, पीलाराम दीवान, पवन नाग, मंगली नेताम, वनपाल यशवंत लाल नायक, मोहनलाल नाग, द्वरिका प्रसाद नाईक, गजेंद्र नाईक, मानसिंह नेताम, मोहन पुजारी, गुदराम मरकाम, श्रवण नेताम, अनिल मरकाम, संगीता नेताम, चांदनी मरकाम, वनरक्षक भुवनेश्वर पांडे, महेंद्र मण्डवी, किशन बघेल, रतन नेताम, भूपेंद्र नाग, खगेश्वर दीवान, दीनदयाल कोर्राम, राम सूरज कोर्राम, किशोर भुआर्य, आदित्य वर्मा, हरि नेताम, गोविंद शोरी, सरिता मरकाम, सुनीता नेताम, चैन सिंह भोयर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



## डीएनए टेस्ट से किया इनकार, 9 जुलाई को रायपुर में होगी अगली सुनवाई

# महिला आयोग की सख्ती: नगर सेना क्लर्क ने बेटी के भरण-पोषण के लिए दो लाख देने पर जताई सहमति




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में शहर में आयोजित जनसुनवाई में महिला उत्पीड़न से जुड़े कई महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई हुई। नगर सेना में सहायक ग्रेड–03 के पद पर कार्यरत एक कर्मचारी ने अपनी कथित पुत्री के भरण–पोषण के लिए दो लाख रुपये एकमुश्त देने की सहमति दी। सुनवाई के दौरान आयोग के समक्ष बताया गया कि आवेदिका के साथ शारीरिक शोषण के परिणामस्वरूप वर्ष 2006 में बेटी का जन्म हुआ। अनावेदक पहले स्वयं को बच्ची का पिता मानने से इंकार करता रहा, जबकि बच्ची के आधार कार्ड और जाति प्रमाण पत्र में उसका नाम पिता के रूप में दर्ज है।महिला आयोग ने जब डीएनए परीक्षण कराने का प्रस्ताव रखा तो अनावेदक ने इससे भी इनकार कर दिया। आयोग ने इसे महत्वपूर्ण तथ्य मानते हुए दोनों पक्षों की काउंसलिंग कराई। समझाइश के बाद अनावेदक ने बेटी की शिक्षा, पालन–पोषण एवं भविष्य के लिए दो लाख रुपये एकमुश्त देने पर सहमति जताई और भुगतान के लिए समय मांगा। महिला आयोग ने मामले की अगली सुनवाई 9 जुलाई को रायपुर में निर्धारित की है। आयोग ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित तिथि पर अनावेदक राशि जमा नहीं करता और उपस्थित नहीं होता है तो उसके कमांडेंट को सेवा समाप्ति की अनुशंसा भेजी जाएगी।

### सामाजिक बहिष्कार से पीड़ित महिलाओं को कानूनी कार्रवाई और संरक्षण दिलाने के निर्देश

एक मामले में आयोग ने पाया कि दो वर्ष पहले सामाजिक बहिष्कार समाप्त करने का आश्वासन देने के बावजूद ग्राम समिति ने पीड़िता का सामाजिक बहिष्कार समाप्त नहीं किया। आयोग ने चेतावनी दी कि आदेश का पालन नहीं होने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है। मामले की अगली सुनवाई 9 जुलाई को रायपुर में होगी। एक अन्य मामले में विवाह के बाद महिला को लगातार प्रताड़ित करने और झूठे मामलों में फंसाने की आशंका को गंभीर मानते हुए आयोग ने पीड़िता को सखी केंद्र एवं संरक्षण अधिकारी के माध्यम से घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराने की अनुशंसा की। कृषि विभाग में कार्यरत एक कर्मचारी द्वारा पहली पत्नी और दो बच्चों के रहते दूसरी शादी करने के आरोप वाले मामले में आयोग ने कलेक्टर से जांच कराने तथा दोष सिद्ध होने पर विभागीय कार्रवाई और सेवा समाप्ति की अनुशंसा करने के निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान न्यायालय में लंबित, समझौता हो चुके अथवा आवेदकों की लगातार अनुपस्थिति वाले कई मामलों का निराकरण करते हुए आयोग ने उन्हें नस्तीबद्ध भी किया।

## पेज 15 के शेष

**भोपालपटनम में रिमझिम...**

पर निर्भर लोगों की आजीविका प्रभावित होती है। वहीं संतुलित वर्षा खेतों के लिए भी उपयोगी है और सामान्य जीवन भी सुचारु रूप से चलता रहता है। किसानों का कहना है कि समय पर हुई यह बारिश खरीफ सीजन के लिए शुभ संकेत है। पर्याप्त नमी मिलने से खेत तैयार करने में आसानी हो रही है और बुवाई का कार्य भी समय पर पूरा होने की उम्मीद है। इससे अच्छी फसल उत्पादन की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं।

**माइक्रो एटीएम और...**

रही हैं। हमारा उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है।

**सुविधाएं उपलब्ध कराना बैंक की प्राथमिकता:** वहीं बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के. एस. ध्रुव एवं अतिरिक्त प्रबंधक एस. ए. रजा ने लैंप्स सिरिसगुड़ा में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को वित्तीय सेवाओं का लाभ प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानों को सरल, सुलभ एवं त्वरित बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना बैंक की प्राथमिकता है।

**नगर निगम ने खरीदे...**

बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। सभापति स्वच्छता विभाग लक्ष्मण झा ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में समयबद्ध एवं प्रभावी कचरा संग्रहण व्यवस्था सुनिश्चित करना है। महापौर के नेतृत्व में शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वास्थ्यकर बनाने के लिए अनेक जनहितकारी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था में सहयोग करें।

ये रहे मौजूद: इस दौरान एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, कलावती कसेर, योगेन्द्र पाण्डे, निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, पार्षद पारूल बोथरा, कुबेर देवांगन, स्वच्छता शाखा प्रभारी विमल पांडे तथा राजपाल कसेर, नवीन बोथरा एवं विवेक जैन सहित अन्य उपस्थित रहे।

**अधेड़ सुरक्षा गार्ड की...**

द्वारा उन्हें कार को सही तरीके से लगाने के लिये बोला गया उसने अश्लील गालीगलौच करते हुए कहने लगा कि तेरे को पहले से बताना चाहिये था कि कार कहां पार्क करना है। कार को पार्क कर दिया हूं तब बोलने आये हो कब से काम कर रहा है कहते हुए पुनः गाली गलौच करने लगा। इस पर सुरक्षागार्ड ने अपनी उम्र का हवाला देते हुए विरोध किया। इस पर शुभम मोदी कार से गुस्सा और तेजी से उतरा और मुझे हाथ, मुक्का, लात से पूरे शरीर में मारने लगा इसके कुछ देर में आदित्य मोदी भी वहां पर आया और दोनों मिलकर जान से मारने की धमकी देकर जमीन में पटककर घसीट कर हाथ मुक्का लात से मारपीट किया। मारपीट के दौरान वर्दी भी फाड़ दिया गया। घटना की जानकारी पास ही वर्गीस बिल्डर आफिस में कार्यरत दोनों बेटियां ज्योति डे व प्रियंका डे को लगी जिसके बाद दोनो बेटी बीच बचाव करते हुए अपने आफिस में ले जाकर बिठाये और मुझे पानी पिलाये। इसी दौरान आफिस में पुनः शुभम मोदी और आदित्य मोदी आये और मेरी दोनों बेटियों को भी जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौच करने लगे।

**सदमे में परिवार, मुलाहिजा के दौरान फिर धमकी:** घटना से भयभीत व सदमे में सुरक्षागार्ड नंद दुलाल डे गुरुवार को अपने बच्चो के साथ बोधघाट थाना पहुंचकर मामले कि नामजद रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस द्वारा जब पीड़ित को मुलाहिजा के लिए महारानी अस्पताल लाया गया तब उन्हें पुनः धमकी देते हुए कहा गया कि थाना में रिपोर्ट कराएगा तो तेरे परिवार को खत्म कर देगे। गार्ड ने बताया कि मारपीट करने से सिर, सीना, पीठ व चेहरे में चोट आयी है। उन्होने कहा कि जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने से व मेरा परिवार काफी भयभीत हैं और घटना में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

**सवा दो लाख का...**

वाला बताया। आरोपी के कब्जे से 4.469 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 25 हजार रूपए आंकी गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एएसआई सतीश तिवारी, प्रधान आरक्षक विनोद यादव, अजय साहू, आरक्षक सुरेश तिर्की, राधाकृष्ण राय, राजेश मौर्य व चालक अविनाश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने सौंपे अनुकंपा नियुक्ति आदेश



**बीजापुर।** शासकीय सेवकों के सेवाकाल के दौरान दिवंगत हुए शासकीय कर्मचारियों के आश्रित परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों के त्वरित एवं संवेदनशील निराकरण के तहत आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा दो आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई। जिला बीजापुर के आदिवासी बहुल क्षेत्र अंतर्गत आदिवासी विकास विभाग में संचालित कन्या आश्रम इलमिडी, विकासखंड उसूर में कार्यरत दिवंगत चिन्नाबाई चापा के निधन के पश्चात उनके पुत्र रमेश चापा, ग्राम इलमिडी, पोस्ट इलमिडी, जिला बीजापुर को बालक आश्रम पुसबाका में भृत्य के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई। इसी प्रकार बालक छात्रावास नैमेड, विकासखंड बीजापुर में कार्यरत दिवंगत पलसूराम खलखो के निधन के पश्चात उनकी पुत्री कुमारी मोनिका खलखो, ग्राम दुगोली, पोस्ट नैमेड, जिला बीजापुर को कन्या छात्रावास उसूर में भृत्य के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई।
कलेक्टर जिला बीजापुर विश्वदीप ने दोनों नियुक्त कर्मचारियों को नियमित भृत्य पद के नियुक्ति आदेश सौंपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।
इस अवसर पर कलेक्टर विश्वदीप ने रमेश चापा एवं कुमारी मोनिका खलखो से आत्मीय चर्चा करते हुए कहा कि वे पूरी लगन, निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन करें तथा जनसेवा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते हुए विभाग की गरिमा को बनाए रखें।

# 21 साल बाद पीड़िया में फिर गूंजी स्कूल की घंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कभी माओवादी आतंक और हिंसा के कारण वीरान पड़े पीडिया क्षेत्र में अब बच्चों की किलकारियां और स्कूल की घंटियां सुनाई देने लगी हैं। 21 वर्षों तक बंद रहने के बाद

■ आतंक के साए से निकली नई सुबह, 539 बच्चों को मिला शिक्षा का अधिकार

बीजापुर जिले के पीडिया क्षेत्र के 11 स्कूलों का पुनः संचालन शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल और कलेक्टर श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग के प्रयासों से अब 11 गांवों के 539 बच्चों को अपने ही गांव में शिक्षा का अधिकार मिल रहा है। यह केवल स्कूलों के पुनः खुलने की कहानी नहीं, बल्कि भय से विश्वास और अंधकार से ज्ञान की ओर बढ़ते बस्तर की नई पहचान है।

पीडिया में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने 11 गांवों के शिक्षादूतों को रजिस्टर एवं शिक्षण सामग्री प्रदान की तथा बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन और स्लेट वितरित कर उनका विद्यालय में प्रवेश कराया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी, सरपंच




सन्नू अवलम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अतिथियों ने बच्चों का तिलक लगाकर, गुलाल लगाते हुए और लड्डू खिलाकर उनका स्वागत किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि अब पीडिया क्षेत्र विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है और शिक्षा उसकी सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, वहीं अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें।

उन्होंने आश्वस्त किया कि विद्यालयों में भवन, पेयजल, बिजली सहित सभी आवश्यक सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएंगी। जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम ने कहा कि पीडिया में बच्चों के कंधों पर स्कूल बैग देखना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और खुशी का क्षण है। यह बदलाव विकास की नई दिशा तय करेगा। जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी ने कहा कि वर्षों बाद गांवों में स्कूलों का फिर से खुलना ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार और जिला प्रशासन बधाई के पात्र हैं। सरपंच सन्नू अवलम ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण शिक्षा के विकास में हरसंभव सहयोग करेंगे। सलवा जुडूम के दौरान माओवादी हिंसा के कारण पीडिया क्षेत्र के कई स्कूल बंद हो गए थे और उनके भवन भी ध्वस्त कर दिए गए थे। अब जिन गांवों में विद्यालयों का पुनः संचालन शुरू हुआ है, उनमें पीडिया, पेदापाल, छोटेगोटोडी, कुएम, मदपाल, अंडरी, इडेनार, डोंडीतुमनार, मिरगानघोटूल, गमपुर और तमोड़ी शामिल हैं। इन गांवों के बच्चों को अब शिक्षा के लिए दूरस्थ क्षेत्रों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

## स्कूल प्रबंधन की लापरवाही के खिलाफ अभिभावकों में आक्रोश

# मासूमों की जिंदगी से खिलवाड़, स्कूल की छुट्टी होते ही रेंगने लगता है ट्रैफिक, न बैरिकेडिंग न सुरक्षाकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

जैसे ही स्कूल की छुट्टी होती है, मुख्य सड़क पूरी तरह से खतरनाक चौक में तब्दील हो जाता है। हर तरफ दोपहिया वाहनों और पैदल चलते स्कूली बच्चों की भीड़ जमा है। सड़क पर वाहनों के बेतरतीब होने के कारण पैदल चल रहे नौनिहालों के लिए सुरक्षित निकलना दूभर हो जाता है।

■ सुरक्षा व्यवस्था शून्य, बच्चों की जान जोखिम में डालकर पार करनी पड़ रही सड़क

सैकड़ों बच्चे एक साथ सड़क पर आते हैं, जिससे यहां कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बचेली में अमूमन सभी निजी स्कूलों के सामने छुट्टी के समय यही मंजर रहता है। सबसे हैरान और परेशान करने वाली बात यह है कि इस भारी भीड़ और अफरा-तफरी के बीच न तो कहीं कोई यातायात पुलिसकर्मी दिखाई दे रहा है और न ही स्कूल प्रबंधन की तरफ से कोई सुरक्षा

**छुट्टी के वक्त स्कूल के बाहर वाहनों का कतार**



गार्ड तैनात है। वाहनों की गति को नियंत्रित करने या बच्चों को सुरक्षित रास्ता देने के लिए किसी भी प्रकार की बैरिकेडिंग की व्यवस्था नहीं की गई है। एक चिंतित अभिभावक ने बताया कि हर दिन छुट्टी के वक्त यही मंजर होता है। गाड़ियां बच्चों के बेहद करीब से गुजरती हैं। कोई भी बड़ा हादसा कभी भी हो सकता है, लेकिन प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। सड़क पर बने इस जाम और सुरक्षा की अनदेखी को लेकर अभिभावकों में रोष है। रोजाना अपने बच्चों को लेने आने वाले पालकों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन मोटी फीस तो वसूलता है, लेकिन छुट्टी के समय बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में नाकाम है।

### समाधान की जरूरत

*छुट्टी के समय स्कूल के ठीक बाहर अस्थाई बैरिकेडिंग लगाई जाए ताकि वाहनों की रफ्तार धीमी हो सके। स्कूल प्रबंधन और पुलिस प्रशासन मिलकर छुट्टी के वक्त ट्रैफिक संभालने के लिए गार्ड्स या पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाए। वन-वे या नो-एंट्री व्यवस्थाः भारी वाहनों के लिए स्कूल की छुट्टी के समय इस मार्ग पर प्रतिबंध लगाया जाए। स्कूलों में पढ़ने वाले नौनिहालों की सुरक्षा सर्वोपरि है। अगर समय रहते इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो लापरवाही की यह तस्वीर किसी दिन दुर्घटना का कारण बन सकती है। प्रशासन को इस ओर तुरंत ध्यान देने की सख्त जरूरत है।*

# हरीश के नेतृत्व में ग्रामीणों ने की विकास की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

ग्राम तुमलपाड़ के ग्रामीणों ने बिजली, पेयजल, सड़क एवं पीडीएस भवन जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीश कवासी के नेतृत्व में जिला पंचायत के मुख्य

■ सीईओ ने अधिकारियों को जल्द निराकरण के दिए निर्देश

कार्यपालन अधिकारी मुकुंद ठाकुर से मुलाकात की। ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए आवश्यक सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराने की मांग की।

सीईओ जिला पंचायत मुकुंद ठाकुर ने ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए मांगों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। सीईओ के सकारात्मक आश्वासन से ग्रामीणों में उत्साह और उम्मीद का माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि तुमलपाड़ के ग्रामीण अपनी जायज मांगों को लेकर आए थे, जिनके समाधान के लिए जिला पंचायत सीईओ से चर्चा की गई है। उन्हें विश्वास है कि प्रशासन शीघ्र आवश्यक कदम उठाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेगा।

# एनएमडीसी डीएवी, आईटीआई भांसी के स्टाफ व छात्रों ने किया रक्तदान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी के स्टाफ एवं प्रशिक्षुओं ने बुधवार को एनएमडीसी अपोलो अस्पताल बचेली में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

रक्तदान शिविर का संचालन एनएमडीसी अपोलो अस्पताल बचेली की चिकित्सकीय टीम द्वारा किया गया। रक्तदान से पूर्व सभी रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया गया। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किए गए।

संस्था प्रबंधन ने रक्तदान करने वाले सभी स्टाफ, प्रशिक्षुओं एवं एनएमडीसी अपोलो अस्पताल की चिकित्सकीय टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे जनहित के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर एनएमडीसी बचेली परियोजना के उप-महाप्रबंधक (मा.सं.) सीएसआर जोसी थॉमस एवं संस्था के प्राचार्य कमलेश साहू भी उपस्थित रहे।




# आवेदनों का प्राथमिकता से करें शत-प्रतिशत निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने संयुक्त कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में शासन की महत्वाकांक्षी बस्तर मुन्ने (अग्रणी बस्तर) अभियान की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के तहत प्राप्त प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता के

■ फील्ड मॉनिटरिंग और लंबित प्रकरणों के त्वरित निपटारे के दिए निर्देश

आधार पर शत-प्रतिशत, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कलेक्टर ने कहा कि बस्तर मुन्ने अभियान बस्तर संभाग के समग्र एवं समावेशी विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने, फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग और सतत अनुश्रवण करने के निर्देश दिए ताकि अभियान के निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा किया जा सके। इसके अलावा बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों, लंबित राजस्व प्रकरणों, स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री की घोषणाओं एवं निर्देशों के पालन, मानवाधिकार आयोग, उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों, व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र एफआरए, फौती नामांतरण तथा लंबित भूमि आबंटन प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

# ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

छत्तीसगढ़ सरकार ने व्यापारियों और उद्यमियों को बड़ी प्रशासनिक राहत देते हुए नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में संचालित 43 प्रकार के व्यवसायों के लिए ट्रेड लाइसेंस व्यापार अनुज्ञप्ति की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। राज्य सरकार ने इसके लिए छत्तीसगढ़ नगर पालिका व्यापार अनुज्ञापन नियम 2025 में संशोधन किया है।

सरकार का कहना है कि जिन व्यवसायों के लिए पहले से अन्य विभागों के तहत आवश्यक पंजीयन या लाइसेंस की व्यवस्था है, उन्हें अब स्थानीय निकायों से अलग से ट्रेड लाइसेंस लेने की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि संबंधित व्यवसायों के लिए अन्य कानूनों के तहत आवश्यक अनुमति या पंजीयन पहले की तरह अनिवार्य रहेगा।

संशोधित नियमों के तहत होटल, लॉज, धर्मशाला, अस्पताल, क्लीनिक, मेडिकल स्टोर, रेस्टोरेंट, ढाबे, मिठाई दुकान, किराना दुकान, सुपरमार्केट, डेयरी उत्पाद विक्रेता, फल-सब्जी विक्रेता, ऑटो पार्ट्स, इलेक्ट्रिकल एवं हार्डवेयर दुकान, कंप्यूटर एवं मोबाइल शोरूम, औद्योगिक इकाइयों सहित कुल 43 श्रेणियों के व्यवसायों को ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता से राहत मिलेगी। इससे कारोबार शुरू करने में समय और कागजी प्रक्रिया दोनों में कमी आएगी।

### प्रक्रिया होगी आसान



*कोन्टा नपं के पार्षद पी. विजय नायडु ने कहा कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद व्यापारियों को नगर निकायों से ट्रेड लाइसेंस के नवीनीकरण और उससे जुड़ी औपचारिकताओं से राहत मिलेगी।*

### व्यापारियों को राहत मिलेगी



*सुकमा नपा पार्षद कांता राठी ने कहा कि इससे व्यवसाय शुरू करने की प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध होने की उम्मीद है। पार्षद श्रीमति राठी ने कहा कि यह निर्णय सुकमा सहित प्रदेश में निवेश और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ छोटे एवं मध्यम व्यापारियों को बड़ी राहत प्रदान करेगा।*

### मुक्तिधाम निर्माण कार्य को मिली स्वीकृति



**गीदम।** नगर पंचायत गीदम में प्रस्तावित विभिन्न मुक्तिधाम निर्माण एवं विकास कार्यों को लेकर लंबे समय से चल रही मांग को अब सफलता मिली है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष माधुरी गुप्ता ने राज्य शहरी विकास अभिकरण, अटल नगर नया रायपुर को भेजे गए पत्र के बाद शासन स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए मुक्तिधाम योजना अंतर्गत प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी गई है। उपाध्यक्ष ने 20 मई 2026 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य शहरी विकास अभिकरण को पत्र भेजकर अवगत कराया था कि अगस्त 2025 में आई बाढ़ आपदा के कारण नगर पंचायत गीदम के कई मुक्तिधाम क्षतिग्रस्त हो गए थे। इससे अंतिम संस्कार जैसी आवश्यक सेवाओं में भी लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। पत्र में जनहित को ध्यान में रखते हुए मुक्तिधामों के निर्माण एवं आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के लिए भेजे गए प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया था। इसके बाद राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा 30 जून को जारी आदेश में प्रदेश की 31 नगरीय निकायों के विभिन्न मुक्तिधाम विकास कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। इस सूची में नगर पंचायत गीदम के प्रस्तावित कार्यों को भी शामिल किया गया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार स्वीकृत कार्य निर्धारित शर्तों एवं नियमों के अनुरूप किए जाएंगे।

# वैदिक परंपरा से हुआ नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में बुधवार को प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, मां भारती

■ सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मना प्रवेश उत्सव

और श्री गणेश की पूजा-अर्चना, हवन, आरती, रामायण पाठ, भजन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी नवप्रवेशी एवं अध्ययनरत भैया-बहनों का आचार्य-दीदियों ने तिलक वंदन कर स्वागत-अभिनंदन किया। कार्यक्रम में अभिभावक और विद्यालय समिति के सदस्य भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूजा-पाठ, रामायण और बच्चों के स्वागत को देखकर अभिभावक भाव-विभोर हो गए। उन्होंने करतल ध्वनि से विद्यालय की इस परंपरा की सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने बताया कि यह परंपरा विद्यालय की स्थापना 2 जुलाई 1987 से अनवरत चली आ रही है और आगे भी जारी रहेगी। हवन-पूजन और आरती के बाद सभी बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य जजमान के रूप में अभिभावक जेठू राम निषाद उपस्थित रहे। राघनी बुक डिपो के संचालक भूपेश साहू ने कक्षा अरुण से दशम तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को कप भेंट किए।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**गीदम।** शासकीय माध्यमिक शाला सोनारपारा व प्राथमिक शाला महांगू पारा गीदम में शाला प्रवेश उत्सव उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि दौलतराज सेन तथा विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक डीपी रवानी एवं रमेश तिवारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने न्योता भोज का आयोजन कराया। साथ ही नवप्रवेशी विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप स्कूली बैग वितरित किए। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों एवं गणवेश का वितरण किया तथा तिलक-चंदन लगाकर उनका स्वागत करते हुए शाला प्रवेश को आनंदमय बनाया गया।

# जिला बना खिलाड़ियों का गढ़, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कभी नक्सल गतिविधियों के लिए चर्चित रहा सुकमा अब खेल के क्षेत्र में अपनी नई पहचान बना रहा है। जिले से पहले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में उभरी शैली गुप्ता ने देश का नाम रोशन किया है। राजधानी नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय मात्सोजी-डो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, भूटान और बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले की शैली गुप्ता ने सीनियर महिला वर्ग की 49 किलोग्राम वेट कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।




फाइनल मुकाबले में शैली ने अपने प्रतिद्वंद्वी को एकतरफा शिकस्त दी। इस ऐतिहासिक जीत के साथ शैली गुप्ता ने न केवल भारत का, बल्कि राज्य, जिले और अपने माता-पिता का नाम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी की लहर है। स्थानीय खेल अधिकारियों ने बताया कि सुकमा में प्रतिभा की कमी नहीं है।



## खबर संक्षेप

### पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से 120 की जांच



**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में सेक्टर करपावंड के संघकरमरी में जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. सीआर मैत्री के दिशानिर्देश पर एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में संघ करमरी ग्रामपंचायत भवन में 66 ग्रामीणों की पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से जांच, स्कूली छात्र छात्राओं 67 बच्चों की जांच की गई। इसमे एक्स-रे टेक्नीशियन मिनेश कुमार देशमुख, सीएचओ पदमनी कश्यप, पर्यवेक्षक दिनेश पराते, एसटीएस दिपेश्वर साहू, टीबी मित्र नकूल कोकडे, मितानीन मालती ठाकुर, दयमती कश्यप शामिल रहे।

### नेता प्रतिपक्ष का जोशीला स्वागत



**जगदलपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महासचिव शंकर राव के नेतृत्व में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का आत्मीय स्वागत सर्किट हाउस पहुंचने पर किया गया।
इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। जय-जय चरण के नारे युवाओं ने लगाए। कार्यकतार्ओं में उत्साह और जोश दिखाई पड़ा।

### विश्वविद्यालय में प्रवेश अभियान शुरू

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया सुगम बनाने हेतु विशेष पहल की गई है। विद्यार्थियों को प्रवेश संबंधी सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने तथा प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं सरल बनाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन स्थित सभागार में विशेष सिंगल विंडो हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। इस हेल्प डेस्क के माध्यम से प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन, आवेदन पत्रों की जांच, प्रवेश शुल्क जमा करने सहित प्रवेश से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाएं एक ही स्थान पर पूरी की जा रही हैं। विभिन्न अध्ययनशालाओं एवं पाठ्यक्रमों के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों को अनावश्यक रूप से इधर-उधर नहीं जाना पड़ रहा है और उनका समय भी बच रहा है। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दस्तावेजों की फोटोकॉपी के लिए सभागार में प्रिंटर की व्यवस्था भी की गई है। साथ ही हेल्प डेस्क से विद्यार्थियों को प्रवेश संबंधी जानकारी, आवश्यक मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान किया जा रहा है।
विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रत्येक अभ्यर्थी बिना किसी कठिनाई के प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकें।

# महारानी अस्पताल के गुंडाधुर सभागार में चिकित्सकों का हुआ सम्मान

## जनहित में निरंतर बेहतर कार्य करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिला प्रशासन बस्तर के मार्गदर्शन एवं कलेक्टर आकाश छिकारा के नेतृत्व में बुधवार को डॉक्टर्स डे के विशेष अवसर पर शहर के शासकीय जिला महारानी अस्पताल के गुंडाधुर सभागार में एक भव्य चिकित्सक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज और स्वास्थ्य सेवाओं में चिकित्सकों की अमूल्य भूमिका की सराहना करते हुए उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत जिले में किए जा रहे अभूतपूर्व प्रयासों की जानकारी साझा करते हुए कलेक्टर ने बताया कि सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निजी विशेषज्ञ चिकित्सकों और रेडियोलॉजिस्ट के सहयोग से गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलताओं की समय पर पहचान कर उचित उपचार सुनिश्चित किया जा सके। इसी कड़ी में आयोजित शिविरों में विभिन्न निजी केंद्रों के सहयोग से 409 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी की गई, जिसके उत्कृष्ट योगदान के लिए महारानी अस्पताल के चिकित्सकों सहित निजी स्त्री रोग विशेषज्ञों और रेडियोलॉजिस्ट को भी सम्मानित किया गया। समारोह पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक सहित बड़ी संख्या में उपस्थित वरिष्ठ चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा जनहित में निरंतर बेहतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।



### प्रसवपूर्व देखभाल सेवाएं दी जा रही

समारोह में सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने बताया गया कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 9 जून 2016 को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान योजना शुरू की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था की दूसरी और तीसरी तिमाही में सभी गर्भवती महिलाओं को हर महीने की निश्चित तारीखों पर व्यापक और गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल उपलब्ध कराना है। यह योजना देश में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में बेहद सहायक सिद्ध हो रही है, जिसके तहत हर महीने की 9 और 24 तारीख को निःशुल्क प्रसवपूर्व देखभाल सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदक महिला का गर्भावस्था की दूसरी या तीसरी तिमाही में होना आवश्यक है और इसके लिए आवेदन प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन या नामित सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर ऑफ लाइन दोनों तरीकों से किया जा सकता है।

## पूर्व आईजी ने विदाई कार्यक्रम में 14 वर्ष के कार्यकाल की बातें की साझा

# हमने तो समय दिया लेकिन जिन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया उनका योगदान सबसे बड़ा : आईजी सुंदरराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासकीय सेवा में सबसे अच्छा कार्यक्रम विदाई का होता है। जिसमें सिर्फ तारीफ होती है शिकवा, शिकायत नहीं होती है। नारायणपुर में जब एसपी था तब शादी

- बस्तर में नौकरी व्यक्तिगत जीवन में भी महत्वपूर्ण रही
- समन्वित और सामूहिक प्रयास से नक्सलमुक्त हुआ बस्तर, मीडिया की भी अहम भूमिका रही

हुई, जब बस्तर एसपी रहा तब लक्ष्मी घर आई। अपने उद्बोधन के शुरूआत में बस्तर के पूर्व आईजी सुंदरराज पी ने अपने चिर परिचित मुस्कान और अंदाज के साथ पत्रकार भवन में आयोजित विदाई कार्यक्रम में यह बात कही। फिर अपने शासकीय सेवा के मुद्दे पर आकर उन्होंने कहा कि हमने तो यहां समय दिया लेकिन जिन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया उनका योगदान बड़ा है। 2003 में छत्तीसगढ़ में जब आया तब परिस्थितियां अलग थी। 23 साल कैसे गुजर गए पता ही नहीं चला जिसमें बस्तर में लगभग 14 साल की नौकरी अहम रही। नक्सलमुक्त बस्तर में फोर्स के जवान, ग्रामीण, आम नागरिक और मीडिया के लोगों ने भी बलिदान दिया। उनके परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। जिन्होंने धैर्य और कठिनाई के बीच इस अभियान में योगदान दिया। उन्होंने नक्सलमुक्त बस्तर में सभी समाज और नागरिकों को जिम्मेदारी के साथ काम करने की जरूरत बताई। विशेषकर युवा पीढ़ी को जो किसी भी हाल में भटकें नहीं। यह बदलाव एक दो साल में नहीं आया है लगातार चले अभियान में पूरे संभाग के लोगों और फोर्स की अहम भूमिका रही। एक उदाहरण उन्होंने प्रस्तुत किया जिसमें नारायणपुर एसपी रहते समय गिनती के सीमित संख्या में सुरक्षाबल रहे उन्हीं से सभी काम लेना होता था। बाद में स्थितियां बदली और ऐसा भी अवसर आया जब हजारों की संख्या में जवानों को लेकर उतरना पड़ा।



### बस्तर की खूबसूरती और विकास देखने आएं लोग

नव पदस्थ आईजी बद्रीनारायण मीणा ने कहा कि 12 साल पहले एसपी रहा अब पुनः सेवा का अवसर मिला है। तब और अब में काफी परिस्थितियां बदल गई है। पहले लोग नक्सलवाद के कारण बस्तर को जानते थे अब शांति आने से यहां की खूबसूरती और विकास देखने आएंगे। सुंदरराज सर का इस शांत बस्तर में काफी योगदान है और इसका श्रेय उन्हें और मीडिया को जाता है।

### काफी कुछ सीखने को मिला

कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि बस्तर कलेक्टर के रूप में चार पांच महीने हुए हैं। उससे पहले सीईओ दंतेवाड़ा के दौरान आईजी सुंदरराज पी से काफी कुछ सीखने को मिला। राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान जिस प्लानिंग और नीति के तहत उन्होंने काम किया और उस काम में वे हर पल का सदुपयोग करते थे। नई जिम्मेदारी में भी वे कीर्तिमान रचेंगे। तब हम गर्व से बोल पाएंगे हमने उनके अंडर में रहकर काम किया हैं। उनके गर्मजोशी और अनुशासित कार्यशैली इस सफलता में महत्वपूर्ण रही।

### सेवा पर पुस्तक अथवा फिल्म बन सकती है

पुलिस कप्तान शलभ सिन्हा ने कहा कि सुंदरराज सर के साथ काम करने का अवसर मिला। स्वयं को भाग्यशाली मानता हूं कि उनके साथ काम किया। उनके काम करने का तरीका बेहतरीन है इसलिए वे हर चुनौती के बीच सफल होकर निकलते रहे। मीडिया के लोग उन्हें बस्तर में 14 साल से देख रहे हैं। मैं समझता हूं यदि पूरे कार्यकाल का आंकलन किया जाए तो किताब अथवा फिल्म बन सकती है। इसके लिए मीडिया के लोगों को पहल करनी चाहिए।

### अतिथियों का स्मृति चिन्ह से सम्मान

बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आज भावुक और उम्मीद का समय है। भावुक इसलिए क्योंकि 14 साल के सेवा के बाद सुंदरराज सर विदा हो रहे है। नए आईजी के पदस्थ होने से बस्तर वासियों को काफी उम्मीद भी है। उन्होंने उनके कार्यों को बस्तर के लिए काफी प्रेरक बताया। संचालन कोषाध्यक्ष सुब्बाराव तथा आभार उपाध्यक्ष सीजी शिवप्रकाश ने माना। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह दिया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार पिकअप ने मारी टक्कर, छात्र की मौत, एक घायल

**जगदलपुर।** नगरनार थाना क्षेत्र के करीतगांव में गुरूवार सुबह तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी को टक्कर मार दी जिसमें स्कूटी चालक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई वहीं पीछे बैठा छात्र घायल हो गया।



जानकारी के मुताबिक करीतगांव के आत्मानंद स्कूल में अध्ययनरत कक्षा 11 वीं का छात्र अपने साथी के साथ आसना से करीतगांव स्कूटी मे जा रहा था। स्कूल पहुंचने से कुछ पहले पिकअप चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। इस हादसे में 11 वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पीछे बैठा साथी घायल हो गया। घटना के दौरान स्कूल आ रहे अन्य छात्र व आसपास से गुजर रहे लोगों ने घायल छात्र को अस्पताल पहुंचाया जिसे सामान्य चोट आई थी प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची नगरनार पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज भिजवाया।

नगरनार टीआई सतोंष सिंह ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि आसना निवासी गोपाल पाणिग्राही का बेटा अंश पाणिग्राही 18 वर्ष अपने दोस्त अंकित के साथ दुपहिा वाहन स्कूटी से करीतगांव स्थित आत्मानंद स्कूल में पढ़ने के लिये जा रहा था। इसी दौरान स्कूल पहुंचने से कुछ पहले उनकी स्कूटी के अनियत्रिंत होने से दोनों गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने अंश को अपनी चपेट में ले लिया इस हादसे में जहां अंश की मौके पर ही मौत हो गई।



# एकत्रित 114 यूनिट रक्त से आपातकाल में कई मरीजों को मिलेगी नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

एनएमडीसी स्टील प्लांट नगरनार, रोटरी क्लब एवं महारानी ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में मेगा

- रोटरी क्लब और नगरनार स्टील प्लांट ने लगाया रक्तदान शिविर

रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, इसमें 114 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। यह संख्या केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि उन 114 संभावित जीवनों की आशा है, जिन्हें आवश्यकता पड़ने पर यह रक्त नई जिंदगी प्रदान करेगा। आयोजन में महारानी ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. वीरेंद्र ठाकुर एवं डॉ. अनुराग शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस आयोजन की सबसे प्रेरक तस्वीर वे रक्तदाता रहे, जिन्होंने 33 वीं और 60 वीं बार स्वेच्छा से रक्तदान कर यह सिद्ध किया कि सेवा का कोई विकल्प नहीं होता। वहीं बड़ी संख्या में प्रथम बार रक्तदान करने वाले युवाओं की भागीदारी ने यह विश्वास भी मजबूत किया कि समाज में सेवा और मानवीय संवेदनाओं की मशाल नई पीढ़ी के हाथों में सुरक्षित है। रक्तदाताओं का उत्साह, अनुशासन और दूसरों के जीवन को बचाने का जज्बा पूरे आयोजन के दौरान देखने योग्य था। कार्यक्रम का शुभारंभ सीजीएम (आयरन जोन) बीआरके शेट्टी ने किया।

इस अवसर पर ओएचसी, एनएमडीसी स्टील प्लांट, नगरनार के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके जैन, रोटरी क्लब जगदलपुर के अध्यक्ष डॉ. मनोज थॉमस, क्लब सचिव अंकित गोयल तथा परियोजना अध्यक्ष संजय बथवाल मंचासीन रहे। सभी अतिथियों ने रक्तदान को मानवता की सर्वोच्च सेवा बताते हुए नागरिकों से नियमित स्वैच्छिक रक्तदान करने का आह्वान किया।

# वृक्ष मित्रों ने लगाए 200 फलदार और औषधियुक्त पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ट्री मैन सम्मान से अलंकृत सम्पत झा के जन्मदिवस के अवसर पर उद्यानिकी महाविद्यालय परिसर में 200 फलदार एवं देशी प्रजातियों के पौधों का सामूहिक वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर शहर एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े पर्यावरण प्रेमियों, जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के अधिकारियों तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने-अपने नाम से पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का

- देशी प्रजातियों के पौधे, उद्यानिकी महाविद्यालय ने लिया संरक्षण व संवर्धन का संकल्प

संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान मियाजाकी आम, सफेद जामुन, अमलतास, हर्रा, बहेड़ा, करंज, नीम, पलाश, साल, भेलवा सहित अनेक फलदार एवं स्थानीय जैव विविधता के लिए महत्वपूर्ण प्रजातियों का रोपण किया गया। इन पौधों का चयन पर्यावरणीय संतुलन, जैव विविधता संरक्षण तथा भविष्य में छाया, फल और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर की सबसे विशेष बात यह रही कि लगाए गए सभी पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन की जिम्मेदारी उद्यानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वयं अपने हाथों में ली। पौधों की नियमित देखभाल एवं वैज्ञानिक पद्धति से उनके विकास का मार्गदर्शन उद्यानिकी महाविद्यालय के वृक्ष मित्र वैज्ञानिक राम कुमार देवांगन करेंगे, ताकि आने वाले वर्षों में ये पौधे विशाल वृक्ष बनकर पर्यावरण और समाज दोनों के लिए उपयोगी सिद्ध हों। इस अवसर पर महापौर संजय पांडेय, डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता, उद्यानिकी महाविद्यालय के डीन डॉ. जीपी नाग सहित शहर के अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरण प्रेमी, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने तथा लगाए गए पौधों की सुरक्षा और संवर्धन का संकल्प लिया।




### रोपण के साथ संरक्षण भी जरूरी

वन विभाग के डीएफओ उत्तम गुप्ता ने कहा कि वृक्षारोपण तभी सफल माना जाएगा जब प्रत्येक पौधे का संरक्षण सुनिश्चित हो। आज का आयोजन समाज और प्रकृति के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने की प्रेरणा देता है।

### पौधे को वृक्ष बनने तक संरक्षित करें

महापौर संजय पांडेय ने कहा कि हर नागरिक यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधे को वृक्ष बनने तक संरक्षित करे, तो हमारा शहर और अधिक हराभरा एवं पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बन सकता है। साथ ही उद्यानिकी महाविद्यालय के डीन डॉ. नाग ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी इन पौधों का वैज्ञानिक तरीके से संरक्षण एवं संवर्धन करेंगे, जिससे यह परिसर भविष्य में जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण बनेगा।

### सैकड़ों पौधे धरती की गोद में रोपे

अपने जन्मदिवस पर मिले इस अनोखे उपहार से भावुक होते हुए सम्पत झा ने कहा मेरे लिए इससे बड़ी खुशी और कोई नहीं हो सकती कि जन्मदिन के अवसर पर सैकड़ों पौधे धरती की गोद में रोपे गए हैं। आज लगाए गए ये पौधे आने वाली पीढ़ियों के लिए फल, छाया, स्वच्छ वायु और पर्यावरणीय संतुलन का अमूल्य उपहार बनेंगे।




## केंद्रीय मंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल हुए जिले के पदाधिकारी

# गांवों की छोटी मांगें पूरी करेगा वीबी-जीरामजी : वेदवती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारत सरकार द्वारा विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत अकुशल श्रमिकों के लिए नई मजदूरी दरें अधिसूचित की गई हैं। नई दरें 1 जुलाई से प्रभावी हो गई हैं। 2 जुलाई को तिरुपति, आंध्र प्रदेश से केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस वर्चुअल कार्यक्रम में और जिला स्तरीय कार्यक्रम जगदलपुर के टाउन हॉल में आयोजित किया गया जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, कलेक्टर आकाश छिकारा, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, जिला पंचायत सदस्य, तोकापाल और दरभा पंचायत के अध्यक्ष भी शामिल हुए।

नई व्यवस्था के तहत छत्तीसगढ़ में ग्रामीण श्रमिकों की मजदूरी दर को 261 रुपए प्रतिदिन से बढ़ाकर 300 रुपए प्रतिदिन कर दिया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों को आर्थिक लाभ मिलेगा तथा ग्रामीण आजीविका को और मजबूती मिलेगी।भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों के लिए संशोधित मजदूरी दर निर्धारित की गई है।

कार्यक्रम में वेदवती ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना में ग्रामीण क्षेत्र की और गांव के छोटी छोटी मांगों को पूरा करने का लक्ष्य है इसमें सड़क, तालाब, स्कूल जैसी आवश्यकता वाले कार्यों को ग्राम सभाओं में पारित कर सके। गांव के विकास के साथ-साथ प्रदेश का विकास किया जाना है।यह योजना केवल रोजगार उपलब्ध कराने की योजना नहीं है, बल्कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को ग्राम स्तर तक साकार करने का एक व्यापक अभियान है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिनों के गारंटीकृत रोजगार का प्रावधान किया गया है, जिससे आजीविका सुरक्षा के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से मजदूरी भत्ता 300 रुपये प्रतिदिवस किया गया है। वीबी जीरामजी के माध्यम से जल संरक्षण, ग्रामीण आधारभूत संरचना, आजीविका संवर्धन एवं टिकाऊ विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि प्रत्येक ग्राम पंचायत आत्मनिर्भर और समृद्ध बन सके। इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 125 दिनों तक रोजगार की गारंटी, 15 दिवस के भीतर मजदूरी भुगतान, बेरोजगारी भत्ता, डिजिटल जॉब कार्ड एवं तकनीक आधारित कार्य प्रबंधन प्रणाली, समयबद्ध एवं पारदर्शी भुगतान व्यवस्था प्राप्त होगी।




### नरेगा का नया रूप

इस योजना के संबंध में जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि यह महत्वाकांक्षी योजना वास्तव में महात्मा गांधी नरेगा योजना का ही एक अत्यंत परिष्कृत, उन्नत और तकनीकी रूप है, जो ग्रामीण परिदृश्य को पूरी तरह से बदलने की क्षमता रखती है। इस योजना के तहत न केवल रोजगार के अवसरों में अभूतपूर्व विस्तार किया गया है,बल्कि श्रमिकों के आर्थिक कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को भी सर्वोपरि रखा गया है। इस नई व्यवस्था के तहत रोजगार की गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर अब 125 दिन कर दिया गया है, जो ग्रामीण परिवारों को अधिक स्थिरता प्रदान करेगा।

